G

त्रैमासिक परीक्षा 2025

विज्ञान - 10

समय 3 घंटा | पूर्णांक-75

प्र01. सही विकल्प चुनकर लिखिए– 6

(1) निम्नलिखित में से कौन सा भौतिक परिवर्तन नहीं है–
(1) उबलते पानी से जलवाष्प बनना (2) एलपीजी का दहन
(3) बर्फ का पिघल कर जल बनना (4) नमक का पानी में घुलना

(2) किसी रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थ कहलाते हैं–
(1) उत्पाद (2) अभिकारक (3) यौगिक (4) मिश्रण

(3) कैल्शियम ऑक्साइड की जल के साथ अभिक्रिया किस प्रकार की होती है–
(1) ऊष्माक्षेपी (2) ऊष्माशोषी (3) अवशोषी (4) विस्फोट

(4) किसी रासायनिक समीकरण में अभिकारकों को हमेशा समीकरण के ओर लिखा जाता है–
(1) दाएं (2) बाएं (3) मध्य में (4) दोनों

(5) मनुष्य के पाचन तंत्र में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का स्त्रावण किस भाग से होता है–
(1) अमाशय (2) अग्नाशय (3) यकृत (4) पित्ताशय

(6) पत्ती की सतह पर पाए जाने वाले छिद्र होते है–
(1) स्टोमेटा (2) कूपिकाएँ (3) नेफ्रान (4) रोमछिद्र

प्र02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 6

(1) आमाशय से निकलने वाले प्रोटीन पाचक विकर का नाम.....
...है।
(2) कोशिकीय प्रक्रमों के लिए ऊर्जा मुद्रा.....होती है।
(3) पादपों में भोजन का संवहन.....ऊतक द्वारा होता है।
(4) तंत्रिका तंत्र की प्रमुख इकाई.....होता है।
(5) पराग नलिका की अंडाणु की ओर वृद्धि.....के कारण होती है।
(6) उत्तल दर्पण सदैव.....प्रतिबिंब बनाता है।

https://www.mpboardonline.com

प्र03. सत्य/असत्य लिखिए– 6

(1) गोलीय दर्पण के परावर्तक पृष्ठ के केंद्र को दर्पण का वक्रता केंद्र कहते हैं।

(2) आपतन कोंण का मान सदैव परावर्तन कोंण के मान के अधिक होता है।

(3) फलों के छिलकें, केक एवं नींबू जैव निम्नकरणीय पदार्थ है।

(4) ऊर्जा का पिरामिड सदैव सीधा होता है।

(5) उत्पादक किसी पारितंत्र के घटक है।

(6) सबसे बड़ा पारितंत्र घास का मैदान है।

प्र04. सही जोड़ी बनाइये– 6

(1) गोलीय दर्पण	–	(1) ध्रुव
(2) लेंस	–	(2) प्रकाशीय केंद्र
(3) वक्रता केंद्र	–	(3) समान आकार का प्रतिबिम्ब
(4) प्रदूषक	–	(4) सर्वोच्च मांसाहारी
(5) कुत्ता	–	(5) सर्वाहारी
(6) सूक्ष्मजीव	–	(6) प्रदूषण

प्र05. एक वाक्य में उत्तर दीजिए– 6

(1) मनुष्य में मस्तिष्क और मेरूरज्जू मिलकर कौन सा तंत्र बनाते है ?

(2) मनुष्य में वमन तथा रक्तदाब का केंद्र मस्तिष्क के किस भाग में होता है ?

(3) किस हार्मोन की कमी से मधुमेह रोग होता है ?

(4) मास्टर ग्रंथी के नाम से किस अंतः स्त्रावी ग्रंथी को जाना जाता है ?

(5) खाद्य जाल किसे कहते है ?

(6) जो पदार्थ सूक्ष्मजीवों द्वारा अपघटित नहीं होते है, क्या कहलाते है ?

प्र06. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया किसे कहते हैं ? एक उदाहरण लिखिए। 2
अथवा विस्थापन एवं द्वि–विस्थापन अभिक्रिया में एक अंतर लिखिए।

प्र07. सिल्वर क्लोराइड को गहरे रंग की बोतल में क्यों रखा जाता है ? 2
अथवा दैनिक जीवन में सक्षारण के कोई दो उदाहरण लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्र08. अमीबा में पोषण की प्रक्रिया किस प्रकार पूर्ण होती है ? लिखिए। 2
अथवा एटीपी का पूरा नाम लिखिए। इसे ऊर्जा मुद्रा क्यों कहते हैं ?

प्र09. श्वसन की परिभाषा लिखिए। 2
अथवा माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का बिजलीघर क्यों कहते है ?

प्र010. भोजन के पाचन में लार की भूमिका क्या है ? 2
अथवा धमनी एवं शिरा में दो अंतर लिखिए।

प्र011. हॉर्मोन्स किसे कहते हैं ? 2
अथवा प्रत्यावर्ती क्रिया किसे कहते हैं।

प्र012. पेशी कोशिकाएं अपनी आकृति किस प्रकार परिवर्तित करती हैं ? 2
अथवा मस्तिष्क का कौन–सा भाग शरीर की स्थिति तथा संतुलन का अनुरक्षण करता है ?

प्र013. पादप हार्मोन का पौधों के लिए क्या महत्व है ? 2
अथवा पादप हार्मोन साइटोकिनिन के दो कार्य लिखिए।

प्र014. गोलीय दर्पण किसे कहते हैं? इसके प्रकार लिखिए। 2
अथवा प्रकाश के अपवर्तन के नियम लिखिए।

प्र015. ग्लोबल वार्मिंग के कोई दो कारण लिखिए। 2
अथवा पारितंत्र में अपघटकों की भूमिका क्या है ? लिखिए।

प्र016. जैव निम्नीकरणीय प्रदूषक उदाहरण सहित लिखिए। 2
अथवा अम्ल वर्षा क्या है ? और कैसे होती है लिखिए ?

प्र017. ओजोन गैस में ऑक्सीजन के कितने परमाणु होते है ? इसका रासायनिक सूत्र लिखिए। 2
अथवा विकास पर्यावरण को किस प्रकार प्रभावित करता है ?

प्र018. संतुलित रासायकिन समीकरण किसे कहते हैं? एक संतुलित रासायनिक समीकरण लिखिए।3

अथवा

विकृतिगंधिता किसे कहते हैं? खाद्य पदार्थो को इससे बचाने हेतु कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाती है ?

प्र019. मनुष्य के हृदय का नामांकित चित्र बनाइये। 3
अथवा मनुष्य में प्रतिवर्ती क्रिया किस प्रकार होती है ? लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्र020. समतल दर्पण द्वारा किसी बिम्ब के बनाये गये प्रतिबिम्ब की 3 विशेषताएं लिखिए। 3

अथवा स्नेल का नियम लिखिए।

प्र021. निम्नलिखित अभिक्रियाओं को प्रकार पहचानकर नाम लिखिए– 4

(1) $CaO + H_2O \longrightarrow Ca(OH)_2$

(2) $2FeSO_4 \longrightarrow FeO_3 + SO_2 + SO_3$

(3) $Na_2SO_4 + BaCl2BaSO_4 + 2NaCl \longrightarrow$

(4) $Fe + CuSO_4 \longrightarrow FeSO_4 + Cu$

अथवा

रेडॉक्स अभिक्रिया क्या है ? समीकरण लिखकर उपचयन एवं अपचयन अभिक्रिया को दर्शाइये।

प्र022. ऑक्सीजन की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति में ग्लूकोस का कोशिका द्रव्य में विखण्डन किस प्रकार होता है ? 4

अथवा

आहारनाल के विभिन्न हिस्सों में भोजन के पाचन को लिखिए।

प्र023. निम्नलिखित शब्दावलियों को परिभाषित कीजिए– 4

(1) ध्रुव (2) वक्रता केन्द्र

अथवा

किसी पेंसिल को जल से भरे गिलास में डुबोते हैं तो यह जल के अंतर पृष्ठ पर मुड़ी हुई क्यों प्रतीत होती है ? रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।

https://www.mpboardonline.com